# ईएसआईसी का रांजणगांव में जनजागरूकता कार्यक्रम

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के बिबवेवाडी स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय एवं आईटीसी लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार दि. 21/03/2023 को नियोक्ताओं एवं बीमाकृत व्यक्तियोंके लिए रांजणगांव में स्थित आईटीसी लिमिटेड के परिसर में एक वृहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिस में ईएसआईसी की कार्यप्रणाली एवं ईएसआईसी द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न हितलाभों के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय पुणे के कार्यालय प्रमुख श्री हेमंत कुमार पाण्डेय , उप निदेशक श्री सुशीलकुमार श्यामकुंवर तथा आईटीसी लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री संदीप शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र नियोक्तायों के लिए रखा गया था। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से आए विभिन्न कंपनियों के मानव संसाधन प्रबंधक एवं नियोक्ता शामिल थे। उक्त सत्र में श्री सुशीलकुमार ने नियोक्तायों को ईएसआईसी एक्ट के अनुपालन के संबंध में जानकारी दी तथा श्री पाण्डेय ने ईएसआयसी की नई पहलों के बारे में मार्गदर्शन दिया।

दूसरा सत्र बीमाकृत व्यक्तियों के लिए आयोजित किया था जिस में विभिन्न कंपनियों से भारी संख्या में बीमाकृत व्यक्ति मौजूद थे। इस सत्र में श्री सुशीलकुमार ने उपस्थित लोगों को निगम द्वारा प्रदत्त हितलाभों जैसे चिकित्सा हितलाभ, अपंगता हितलाभ, मातृत्व हितलाभ इत्यादि के संबंध में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी तथा इन्हें प्राप्त करने हेतु पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। श्री पाण्डेय ने लोगों को बीमाकृत व्यक्तियों के लिए ईएसआईसी के नई पहलों के बारे में जानकारी देते हुये सभी से अपील की कि ईएसआईसी द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का पूरा लाभ उठाएं। श्री संदीप शर्मा ने जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन हेतु ईएसआईसी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन श्री सचिन फुलारी ने किया।